**सौगात** — 20.58 करोड़ की सौगात, 17 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे वर्चुअल लोकार्पण, आधुनिक सुविधाओं से बदलेगी हजारों यात्रियों की यात्रा

# विकास की नई पटरी पर दौड़ेगा ब्यौहारी रेलवे स्टेशन



**नवभारत,ब्यौहारी।** ब्यौहारी के लिए 17 जुलाई का दिन विकास के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 20.58 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित ब्यौहारी रेलवे स्टेशन अब पूरी तरह तैयार है। अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं और आधुनिक अधोसंरचना से सुसज्जित इस स्टेशन का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के पुनर्विकसित अमृत भारत स्टेशनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। वर्षों से स्टेशन के आधुनिकीकरण की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों के लिए यह किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है।

### रोजाना दो हजार से अधिक यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ

कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर स्थित ब्यौहारी रेलवे स्टेशन शहडोल संभाग के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में गिना जाता है। कोयला परिवहन की दृष्टि से इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है, वहीं प्रतिदिन दो हजार से अधिक यात्री मेल, एक्सप्रेस एवं मेमू ट्रेनों के माध्यम से यहां से सफर करते हैं। स्टेशन के पुनर्विकास के बाद यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक रेल यात्रा का अनुभव मिलेगा। पुनर्विकास के तहत स्टेशन भवन का संपूर्ण कायाकल्प किया गया है। आकर्षक मुख्य प्रवेश द्वार, विस्तृत सर्कुलेटिंग एरिया, सुव्यवस्थित पार्किंग, हरियाली से सुसज्जित गार्डन, आधुनिक प्रतीक्षालय, उन्नत प्रकाश व्यवस्था तथा आकर्षक सौंदर्यीकरण ने स्टेशन को नया स्वरूप प्रदान किया है। अब यह स्टेशन केवल आवागमन का केंद्र नहीं, बल्कि शहर की नई पहचान बनकर उभरेगा।

### डिजिटल तकनीक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से होगा सफर आसान

यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर डिजिटल ट्रेन सूचना बोर्ड, कोच पोजीशन डिस्प्ले सिस्टम, आधुनिक साइनेज, डिजिटल प्लेटफॉर्म घड़ियां, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। हाई लेवल प्लेटफॉर्म, नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय और उन्नत प्रतीक्षालय स्टेशन को नई पीढ़ी के रेलवे स्टेशनों की श्रेणी में स्थापित करते हैं।

### दिव्यांगजन अनुकूल स्टेशन पर विशेष फोकस

सुगम भारत की अवधारणा के अनुरूप स्टेशन पर रैंप, टैक्टाइल पाथ, दिव्यांग अनुकूल शौचालय, व्हीलचेयर, हेल्प बूथ, पृथक पार्किंग और सुगम पहुंच मार्ग विकसित किए गए हैं, ताकि प्रत्येक यात्री बिना किसी असुविधा के स्टेशन की सुविधाओं का लाभ उठा सके। 17 जुलाई को दोपहर 2 बजे से स्टेशन परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लघु फिल्म प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण तथा जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद अपराह्न 3:45 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ब्यौहारी रेलवे स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### क्या बोले रेलवे के अधिकारी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि स्टेशन के सभी विकास कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कर लिए गए हैं और स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने कहा कि पुनर्विकसित ब्यौहारी रेलवे स्टेशन भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण का सशक्त उदाहरण बनेगा। इससे न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन, औद्योगिक गतिविधियों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। 20.58 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह स्टेशन केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि ब्यौहारी और पूरे शहडोल अंचल के विकास की नई पहचान है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह स्टेशन आने वाले वर्षों में क्षेत्र की प्रगति और बेहतर रेल संपर्क का प्रतीक बनकर उभरेगा।

# अवैध वसूली से श्रमिकों का हो रहा शोषण

प्रदीप शर्मा

**नवभारत धनपुरी /बंगवार ।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत भूमिगत खदान में कार्य करने वाली जे, एम, एस कंपनी की कार्य शैली अक्सर विवादों में बनी रहती है बताया जाता है कि सोहागपुर क्षेत्र के भूमिगत खदानों में दिन में बंगवार, राजेंद्र व दामिनी में जे, एम, एस कंपनी को को कार्य मिला हुआ है लेकिन वहां कार्यरत कर्मचारियों का आप रहता है कि वहां ठेकेदार के आदमियों द्वारा 1287 रुपए के हिसाब से जब भुगतान किया जाता है तो 287 रुपए हाजिरी के हिसाब से वापस मांगा जाता है अगर जो कर्मचारी पैसा देने में आनाकानी करता है तो कहीं उसका रेस्ट लगा दिया जाता है यह तो उसको कार्य से बाहर करने की धमकी दी जाती है इस तरह से कंपनी द्वारा यह ठेकेदारों की मिली भगत से कर्मचारियों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है अभी हाल में ही बंगवार भूमिगत क्षेत्र में कार्यरत जेएमएस कंपनी मैं कार्यरत कर्मचारी अनिल ढीमर ने गंगवार उप क्षेत्रीय प्रबंधक के नाम पत्र लिखकर कंपनी पर आरोप लगाया कि उसमें कार्यरत कर्मचारी मुंशी अतुल विश्वकर्मा प्रदीप तिवारी वी रोहित तिवारी द्वारा वसूली की जाती है इसी तरह कि अवैध वसूली मजदूरों से खैरा व राजेंद्र में भी की जाती है जिसमें स्पष्ट तौर पर कंपनी के ठेकेदार व प्रबंधन की मिली भगत है इस तरह अपनी जान जोखिम में डालकर जो मजदूर खदान के अंदर कार्य करने जाते हैं उनके खून परसेंट पसीने की कमाई इन ठेकेदारों के द्वारा वसूला जाता है इसी तरह का हाल का मामला गंगवार भूमिगत खदान में हो चुका है जिसमें ठेका कंपनी में कर रथ 6 मजदूर में दो मजदूर इसी तरह मौत के आगोश में समा गए और चार मजदूर आज भी घायल अवस्था में है इसके बाद भी कालरी प्रबंधन व केंद्रीय श्रम आयुक्त की संवेदना इन मजदूरों के प्रति संवेदनहीनता वाली है।

JMS Mining Private Limited

### मुंशी अतुल विश्वकर्मा कर रहा प्रताड़ित

जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने कार्यरत मजदूर अनिल ढीमर जिसे 11 तारीख को कार्य से पृथक कर उसे बिठा दिया गया है अनिल ढीमर का आरोप है की कंपनी के मुंशी के द्वारा मुझसे कहा गया की बहुत राजनीति करते हो क्षेत्रवाद बताते हो पत्रकारों को बुलाते हो जाओ जो करते बने कर लेना तुम्हे अब काम में तभी रखा जायेगा जब तुम हमारी निजी शर्तो को मान लोगों अन्यथा हमेशा के लिए काम से हटा दिया जाएगा और वह निजी शर्त मुंशी अतुल विश्वकर्मा की अनिल ढीमर द्वारा की गई शिकायतों में वर्णित है अनिल ढीमर ने कहा की मजदूरों से प्रति हाजिरी मिलने वाले 1287 रुपए में 287 रुपए प्रति हाजिरी याने तीस दिनों का 8610 रुपए प्रत्येक ठेका मजदूर से मांग लिया जाता है और इस अनैतिक और भ्रष्टाचार के मामले में जेएमएस कंपनी ने आज दिनांक तक कोई कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित नही की जिससे यह सिद्ध होता है की कहीं न कहीं परमानंद के अलावा भी इस मामले में एसईसीएल के भी अधिकारियों की संलिप्तता है। इस संबंध में जब फेमस कंपनी के जी, एम राजेश्वर सिंह से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया जिससे साथ जाहिर होता है की शादी अवैध वसूली कालरी प्रबंधन व जे, एम, एस कंपनी की मिली भगत से चल रहा है

## एक नजर में

### जिला शिक्षा केंद्र में सीएसी, बीएसी चयन प्रक्रिया पर उठे सवाल

**नवभारत,शहडोल ।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा 24 जून 2026 को जारी निर्देशों के बावजूद जिला शिक्षा केंद्र शहडोल में ठब् (क्लस्टर अकादमिक समन्वयक) एवं (ब्लॉक अकादमिक समन्वयक) पदों पर प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं होने से शिक्षकों में नाराजगी बढ़ रही है। शासन द्वारा प्रत्येक चार वर्ष में इन पदों पर नई प्रतिनियुक्ति कर योग्य शिक्षकों को अवसर देने की व्यवस्था है, लेकिन जिले में यह प्रक्रिया अब तक प्रारंभ नहीं हो सकी है।शिक्षकों का आरोप है कि जिले में कई सीएसी और बीएसी वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी प्रतिनियुक्ति अवधि काफी पहले समाप्त हो चुकी है। इससे नए और पात्र शिक्षकों को अवसर नहीं मिल पा रहा है। वहीं पड़ोसी जिलों अनूपपुर और उमरिया सहित प्रदेश के अन्य जिलों में निर्धारित अवधि पूरी होने पर नई प्रतिनियुक्तियां की जा चुकी हैं।

**चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल**-शिक्षकों के बीच यह भी चर्चा है कि कुछ योग्य उम्मीदवारों को विशेष विद्यालय में पदस्थ होने का हवाला देकर प्रतिनियुक्ति से वंचित किया गया, जबकि इसी श्रेणी के अन्य शिक्षकों को चयनित कर लिया गया। इससे चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्न उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार अंग्रेजी विषय के एक ठब् पद पर वर्ग-3 शिक्षक की नियुक्ति का मामला भी चर्चा में है, जबकि संबंधित पद वर्ग-2 का बताया जा रहा है। यदि यह तथ्य सही है तो नियुक्ति प्रक्रिया में नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो सकते हैं। हालांकि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आना शेष है।

**शिक्षकों ने की पारदर्शी चयन प्रक्रिया की मांग**-शिक्षकों ने शासन के निर्देशों के अनुरूप तत्काल मेरिट आधारित एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। साथ ही जिन अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी हो चुकी है, उन्हें मूल विद्यालय में भेजकर नए पात्र शिक्षकों को अवसर देने की मांग भी की गई है।

### पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**नवभारत,शहडोल ।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जन अभियान परिषद के सक्रिय सदस्य ग्राम चकेठी निवासी सुजल द्विवेदी ओम ने अपने जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिवस सहित जीवन के प्रत्येक विशेष अवसर पर एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है।सुजल द्विवेदी श्ओमश् ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के इस जन अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।उनकी इस प्रेरणादायी पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक एवं अनुकरणीय कदम बताया।




# उप मुख्यमंत्री आज करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण



**नवभारत,शहडोल ।** मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 16 जुलाई को जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायत खैरहा पहुंचकर लगभग 3 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह करेंगी। कार्यक्रम में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, जिला योजना समिति की सदस्य अंमिता चपरा, जिला पंचायत निर्माण समिति के सभापति जगन्नाथ शर्मा, जनपद सदस्य दीपिका जगन्नाथ शर्मा, ग्राम पंचायत खैरहा की सरपंच दुईजी बाई कोल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहेंगे।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल लगभग 3.15 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनमें नवीन पंचायत भवन परिसर, सामुदायिक भवन, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल, पेवर ब्लॉक एवं शेड निर्माण, सीसी रोड एवं नाली निर्माण, विभिन्न स्टॉप डैम, ग्रेवल रोड तथा घाट निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं।

इसके साथ ही वे 42.50 लाख रुपये की लागत वाले नए निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे। इनमें कंदौहा में यज्ञशाला परिसर की बाउंड्रीवाल, अस्पताल तिराहा से माध्यमिक विद्यालय तक सीसी रोड निर्माण तथा गुरु के घर से चिकनी चौराहा तक नाली निर्माण कार्य प्रमुख हैं।स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अनुसार इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम पंचायत खैरहा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा ग्रामीणों को आवागमन, जल संरक्षण और सामुदायिक उपयोग की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# अमृत योजना बनी जनता की मुसीबत, सड़कें बनीं गड्ढों और कीचड़ का जाल

**बरसात में पाइपलाइन विस्तार ने बढ़ाई परेशानी, अधूरे काम से नागरिकों में आक्रोश**



**नवभारत,धनपुरी।** शहरवासियों को बेहतर एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई अमृत योजना वर्तमान समय में लोगों के लिए राहत से अधिक परेशानी का कारण बनती जा रही है। वर्षों पहले शुरू हुई इस महत्वाकांक्षी योजना का कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। इसके चलते पूरे शहर में जगह-जगह सड़कें खोदी गई हैं, पाइपलाइन बिछाने के बाद भी अधिकांश स्थानों पर सड़कें अपने मूल स्वरूप में बहाल नहीं की गई हैं। बरसात का मौसम शुरू होते ही यही अधूरे और अव्यवस्थित कार्य अब आम नागरिकों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। शहर के विभिन्न वार्डों में कीचड़, गड्ढे, धूल और अव्यवस्थित निर्माण कार्य के कारण लोगों का रोजमर्रा का जीवन प्रभावित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार अमृत योजना के तहत वर्तमान में करीब चार करोड़ रुपये की लागत से उन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, जहां पहले यह काम नहीं हो सका था। हालांकि जिस तरीके से यह कार्य किया जा रहा है, उसे लेकर नागरिकों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी बिना किसी ठोस यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों के सड़कें खोद रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। धनपुरी के मुख्य मार्ग पर सड़क के दोनों किनारों पर पाइपलाइन डालने के लिए लंबे-लंबे गड्ढे किए गए। पाइपलाइन बिछाने के बाद इन गड्ढों को केवल मिट्टी डालकर भर दिया गया। बरसात शुरू होते ही यह मिट्टी धंसने लगी है, जिससे सड़क असमतल हो गई है। वाहन चालकों को हर दिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक परेशान हैं, क्योंकि हल्की सी चूक भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसी प्रकार पोस्ट ऑफिस के समीप पिछले दो दिनों से पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क किनारे खुदाई की जा रही है। खुदाई के दौरान निकले बड़े-बड़े पत्थरों को हटाने के बजाय गड्ढे भरते समय ऊपर ही डाल दिया गया। अब यही पत्थर सड़क पर आवागमन में बाधा बन रहे हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इस तरह का कार्य बरसात के मौसम में ही क्यों किया जा रहा है। यदि संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी समय रहते गर्मी के मौसम में काम पूरा कर लेते तो आज नागरिकों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर कॅरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित



**नवभारत,शहडोल ।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर गृह विज्ञान महाविद्यालय, शहडोल में बुधवार को स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत ष्कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरष् विषय पर करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सक्सेना ने की। कार्यक्रम का आयोजन संभागीय नोडल अधिकारी लाल सिंह बंजारा एवं जिला नोडल अधिकारी आर. एस. पासी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल विकास के महत्व से अवगत कराते हुए रोजगार एवं स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी देना था।

महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी (टीपीओ) डॉ. प्रियंक सोनवानी ने विद्यार्थियों को बदलते रोजगार परिदृश्य, व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संचार कौशल, डिजिटल दक्षता और उद्यमिता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शासकीय एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के साथ स्टार्टअप, स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनने की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। साथ ही पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन पाठ्यक्रमों एवं कौशल संवर्धन कार्यक्रमों की जानकारी देकर विद्यार्थियों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक चरना गुप्ता, आई.बी.सिंह, आर.एस.पासी एवं डॉ. प्रमिला वास्केल उपस्थित रहे। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर करियर नियोजन, कौशल विकास एवं रोजगार संबंधी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से अपने कौशल का निरंतर विकास करने, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# विधायिका मनीषा सिंह का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया

**भाजपा मंडल गोहपारू ने दी शुभकामनाएं**



**नवभारत , गोहपारू ।** विधानसभा जयसिंहनगर की लोकप्रिय विधायिका श्रीमती मनीषा सिंह के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहपारू के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

इस अवसर पर भाजपा मंडल गोहपारू की ओर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं यशस्वी सार्वजनिक जीवन की कामना की गई। शुभकामना संदेश में कहा गया कि विधायिका मनीषा सिंह निरंतर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहकर क्षेत्र के विकास को नई दिशा दे रही हैं। ईश्वर एवं माँ सिंहवाहिनी से प्रार्थना की गई कि वे उन्हें सदैव स्वस्थ, ऊर्जावान एवं जनकल्याण के कार्यों में सफल बनाए रखें।

भाजपा मंडल गोहपारू की ओर से मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा (अन्नू), महामंत्री नरेंद्र मिश्रा (बंटी), महामंत्री हेमराज सिंह कमर, मीडिया प्रभारी दीपक तिवारी तथा समस्त भाजपा मंडल गोहपारू परिवार ने श्रीमती मनीषा सिंह को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं।

# हृदयाघात से सुनील का निधन, व्यापारिक व सामाजिक क्षेत्र में शोक

**आज होगा अंतिम संस्कार**



**नवभारत,धनपुरी।** कांग्रेस मंडलम धनपुरी के अध्यक्ष अनिल जायसवाल के छोटे भाई एवं आजाद चौक स्थित मुस्कान गिफ्ट सेंटर के संचालक सुनील जायसवाल (47) का बुधवार दोपहर हृदय गति रुक जाने से दुखद निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर से नगर के व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों तथा राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 2 बजे सुनील जायसवाल के सीने में अचानक तेज दर्द उठा। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उन्हें एंबुलेंस से शहडोल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी हृदय गति रुक गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वर्गीय सुनील जायसवाल अपने सरल, मिलनसार और सामाजिक स्वभाव के कारण नगर में काफी लोकप्रिय थे। उनके निधन से परिवार सहित नगर के व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्र को क्षति हुई है। परिजनों के अनुसार स्वर्गीय सुनील जायसवाल का अंतिम संस्कार आज गुरुवार को प्रातः 10 बजे नगर पालिका के पीछे स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली




**नवभारत,शहडोल ।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को शहडोल में नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर से निकली रैली को पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान तथा जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। रैली का समापन बाणगंगा मैदान में हुआ।

रैली में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने हाथों में नशामुक्ति संबंधी संदेशों वाले पोस्टर लेकर आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान नशे से दूरी है जरूरी, नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।प्रतिभागियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प दोहराते हुए लोगों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, परिवार को सशक्त बनाने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अधिकारियों ने कहा कि नशामुक्त समाज ही स्वस्थ, सुरक्षित और विकसित भारत की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को इस अभियान से जुड़कर समाज को नशामुक्त बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

**परेशानी** — खाली वार्ड में शिफ्ट हो फिजियोथेरेपी यूनिट, मरीजों ने उठाई सुविधा बढ़ाने की मांग

# केंद्रीय चिकित्सालय में पहली मंजिल पर फिजियोथेरेपी सेंटर




**नवभारत,धनपुरी।** केंद्रीय चिकित्सालय, धनपुरी (एसईसीएल सोहागपुर एरिया) में फिजियोथेरेपी के लिए बनाई गई व्यवस्था इन दिनों मरीजों के लिए सुविधा से अधिक परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा फिजियोथेरेपी विभाग को अस्पताल की पहली मंजिल पर संचालित किया जा रहा है, जबकि इस विभाग में आने वाले अधिकांश मरीज ऐसे होते हैं जिन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती है। ऐसे में पहली मंजिल तक पहुंचना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार से फिजियोथेरेपी कक्ष तक पहुंचने के लिए पहले अस्पताल के अंतिम छोर तक जाना पड़ता है। इसके बाद पहली मंजिल पर चढ़कर उपचार लेना पड़ता है। घुटनों के दर्द, कमर दर्द, लकवा, फ्रैक्चर के बाद रिकवरी, जोड़ों की समस्या और अन्य शारीरिक तकलीफों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह प्रक्रिया बेहद कष्टदायक साबित हो रही है। कई बुजुर्ग मरीजों और दिव्यांगों को परिजनों के सहारे सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में भूतल पर दो वार्ड ऐसे हैं जो वर्तमान में खाली पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। यदि इन्हीं वार्डों में फिजियोथेरेपी विभाग को स्थानांतरित कर दिया जाए तो मरीजों को काफी राहत मिल सकती है। भूतल पर फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और न ही पहली मंजिल तक जाने की कठिनाई झेलनी होगी। जानकारों का भी मानना है कि फिजियोथेरेपी विभाग को हमेशा ऐसे स्थान पर संचालित किया जाना चाहिए, जहां मरीज आसानी से पहुंच सकें। इस विभाग में आने वाले अधिकांश मरीज शारीरिक रूप से कमजोर होते हैं और उन्हें बार-बार आना पड़ता है। ऐसे में उपचार शुरू होने से पहले ही उन्हें अनावश्यक शारीरिक मेहनत करनी पड़े तो इसका असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। मरीजों का यह भी कहना है कि अस्पताल प्रबंधन यदि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करे और खाली पड़े वार्डों को फिजियोथेरेपी विभाग के लिए आवंटित कर दे, तो बिना किसी बड़े अतिरिक्त खर्च के मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकती है। इससे अस्पताल की कार्यप्रणाली भी अधिक व्यवस्थित होगी और मरीजों की संतुष्टि भी बढ़ेगी। क्षेत्र के लोगों ने एसईसीएल प्रबंधन और अस्पताल प्रशासन से मांग की है कि मरीजों की समस्याओं को गंभीरता से देखते हुए फिजियोथेरेपी विभाग के स्थान का पुनर्मूल्यांकन किया जाए। यदि भूतल पर उपलब्ध खाली वार्डों में इस विभाग को स्थानांतरित किया जाता है तो यह निर्णय मरीजों के हित में साबित होगा।

### लिया जाये सकारात्मक निर्णय

अस्पताल का उद्देश्य मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए ऐसी व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार समय-समय पर किए जाने चाहिए, ताकि इलाज के लिए आने वाले लोगों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। मरीजों और उनके परिजनों को अब उम्मीद है कि अस्पताल प्रबंधन उनकी इस जायज मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए फिजियोथेरेपी की सुविधा को अधिक सुलभ स्थान पर उपलब्ध कराएगा।




# नशे पर पुलिस का वार, ब्यौहारी में गूंजी हुंकार

**नशे से दूरी है जरूरी, सड़कों पर उतरी पुलिस, युवाओं ने ली नशामुक्ति की शपथ**

**नवभारत,ब्यौहारी ।** नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर लगाम कसने के लिए ब्यौहारी पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत मंगलवार को ब्यौहारी पुलिस ने बस स्टैंड से जनजागरण का बिगुल फूंक दिया। पुलिस अधिकारियों ने आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और साफ संदेश दिया कि ष्नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो।ष्पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान तथा एसडीओपी ऋषभ छारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक एक साथ सड़कों पर उतरे। ड्रग अवेयरनेस रन और जागरूकता रैली के माध्यम से नगरवासियों को नशे के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया गया। रैली ने पूरे नगर में नशामुक्त समाज का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बस स्टैंड पर मौजूद लोगों को बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का भविष्य बर्बाद कर देता है। युवाओं से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। अभियान के अंत में करीब 70 नागरिकों ने नशा न करने और नशे के खिलाफ जनजागरण चलाने की शपथ ली। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और गांवों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि नशामुक्त समाज का लक्ष्य साकार हो सके। कार्यक्रम में एसडीओपी ऋषभ छारी, थाना प्रभारी निरीक्षक जियाउल हक, उप निरीक्षक सुरेश कुमार, प्रधान आरक्षक नरेंद्र उपाध्याय, प्रधान आरक्षक रामजी गौतम सहित थाना ब्यौहारी का पुलिस बल एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।